सेंट एंड्रयूज स्कॉट्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल

९वीं एवेन्यू, आई.पी.एक्सटेंशन, पटपडगंज,दिल्ली – ११००९२

सत्र: 2026-2027

कक्षा:-6 **विषय:हिन्दी** **पाठ:2**

बोलकर

सबसे सुंदर लड़की

(क) कलाकार समुद्र से सीपियाँ, रंग बिरंगी कौड़ियाँ, नाना रूप के सुंदर-सुंदर शंख, चित्र-विचित्र पत्थर आदि इकट्ठा करता था।

(ख) हर्ष के पिता के रिश्तेदार का एक मित्र कुछ दिन के लिए उनके यहाँ छुट्टी मनाने आया था। उसके साथ उसकी बेटी मंजरी भी थी। वह लगभग हर्ष की उम्र की ही थी इसलिए हर्ष की उससे मित्रता हो गई।

(ग) कनक की आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं थी। एक दिन उसके पिता नाव लेकर गए तो लौटे ही नहीं, डूब गए। तव से उसकी माँ मछलियाँ पकड़कर किसी तरह उसे और उसके भाई को पालती थी।

(घ) कलाकार ने पक्षी मंजरी को उसके जन्मदिन पर भेंट देने के लिए बनाया था।

लिखकर

लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर-

(क) कनक गरीब लड़की थी तथा हर्ष के साथ उसकी मित्रता थी जिस कारण मंजरी उसे पसंद नहीं थी।

(ख) हर्ष मंजरी का अच्छा मित्र था इसलिए कलाकार ने कहा कि दो दिन बाद जब मंजरी का जन्मदिन होगा तब तुम इस पक्षी को उसे भेंट में देना।

(ग) जब कनक ने मंजरी को डूबते हुए देखा तो वह उस उफनती हुई लहर और मंजरी के बीच आ कूदी और उसे हाथों में थाम लिया। इस प्रकार कनक ने मंजरी की जान बचाई।

(घ) अंत में मंजरी ने वह पक्षी कनक को भेंट किया क्योंकि कनक ने अपनी जान पर खेलकर मंजरी की जान बचाई थी।

दीर्घ उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर-

(क) हमारे विचार से कोई भी सिर्फ सुंदर होने से सुंदर नहीं कहलाता है। सुंदर कहलाने के लिए उसका व्यवहार, आचरण, उसके कार्य भी सुंदर होने चाहिए। जैसे कि इस कहानी में कनक साँवली और गरीब थी, परंतु उसके कार्य अच्छे थे इसलिए उसे बाद में मंजरी ने भी सबसे सुंदर लड़की कहा।

(ख) यदि हम मंजरी की जगह होते तो हम भी इतने सुंदर खिलौने को कनक को उपहार में दे देते क्योंकि मनुष्य के लिए उसके प्राण सबसे बढ़कर हैं और जब संकट पड़ने पर कोई उसके प्राण बचाता है तो उसकी नजर में वह प्राण बचाने वाला व्यक्ति सबसे महान हो जाता है।

(ग) कनक ने मंजरी की जान बचाकर मानवता, साहस, परोपकार, समानता, अपनी जान की परवाह न करके दूसरे के प्राणों की रक्षा करना आदि जीवन मूल्य प्रस्तुत किए।